**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1 EXAMINATION (2025-26)**

**HINDI(085)**

Class : VIII | Duration: **3 Hrs**
Date : 05.09.2025 | Max. Marks: **80**
Admission No.: | Roll No.:

---

सामान्यनिर्देशः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 20 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

(खंड क अपठित गद्यांश)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए। 7

एक बार एक बादशाह के दरबार में कोई पहुंचा हुआ फकीर आया ।जो पीतल को सोना बनाने की विधि जानता था ।बादशाह ने उसे काम दिया कि वह उसे तुरंत पीतल से सोना बनाने का तरीका सिखाएं, इनकार करने पर बादशाह ने उसे कैदखाने में डलवा दिया ।बादशाह ने सुना कि फकीर वहीं बैठकर पीतल से सोना बनाकर गरीबों की मदद कर रहा है। बादशाह ने एक गरीब का वेश बनाया और फकीर से जाकर रोते हुए प्रार्थना की कि वह उसकी मदद करें और उससे यह विद्या सीख दे ताकि उसे कभी भी पैसे की तंगी न झेलनी पड़ी और वह अपनी बेटियों की शादी आराम से कर सके। फकीर ने उसे वह विद्या सीख दी और यह भी बता दिया कि उसने बादशाह को पहचान लिया है। हैरानी से बादशाह ने पूछा ,"फिर तुमने मुझे विद्या क्यों सिखाई।" फकीर ने कहा," आज तू बेटा बनकर सीखना चाह रहा था, तो सीखा दिया और उस दिन तो बाप बनकर सीखना चाह रहा था इसलिए नहीं सिखाई ।कहानी का मूल भाव यह है कि यदि हम किसी से कुछ सीखना चाहते हैं तो विनम्र बने और आदर देना ना भूले। कभी उदंडता न दिखाएं और निराधार का प्रदर्शन न करें। गुरु और शिष्य परंपरा का पालन करके ही हम नया ज्ञान सीख सकते हैं ।जिसमें गुरु को पिता के समान समझा जाता है।

1 फकीर ने प्रारंभ में किस काम से इनकार किया?
क) बादशाह को पुत्र बनाने से
ख) बादशाह को शिष्य बनाने से
ग) बादशाह को पीतल से सोना बनाने का तरीका सीखने से
घ)बादशाह का भोजन खाने से।

2 फकीर पीतल से सोना क्यों बनाता था?
क) स्वयं अमीर होने के लिए
ख)गरीबों की मदद करने के लिए
ग) समाज में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करने के लिए
घ) अमीरों को डराने के लिए ।

3 निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सही विकल्प चुनकर

लिखिए।
कथन A विनम्रता और आदर के साथ ज्ञान प्राप्त करना कठिन हो सकता है।
कारण R गुरु शिष्य परंपरा में गुरु को पिता के समान बताया गया है।
क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत है ।
ख )कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।
ग ) कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है ।
घ )कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।
4 बादशाह ने विद्या सीखने के लिए कौन सा तर्क दिया?
5 हम नया ज्ञान कैसे सीख सकते हैं?

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। 7M

' ब्रह्मपुत्र' के बिना आप उत्तरी पूर्वी प्रदेशों के राज्यों की कल्पना नहीं कर सकते ।भारत के इन सुरम्य में प्रदेशों का व्यक्तित्व अधूरा रह जाता, यदि यहां ब्रह्मपुत्र की तीव्र धारा न बही होती। इस क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र को देवता की तरह पूजा जाता है। अनेक नदियां जहां देवियां हैं ,माताएं हैं, बहने या बेटियां हैं, ब्रह्मपुत्र वहां देव है और पुत्र भी ।भारत की नदियों में यह पुरुषवाची नदी है ।इसलिए इस 'नद' कहा जाता है। यह अपने आकार प्रकार और शील स्वभाव में ऊपर से शांत पर नीचे विक्षुब्ध ,देखने में सहज, पर प्रलयंकर है। यह नद इस प्रदेश की भू आकृति का निर्माता ,संस्कृति का जनक और भौतिक समृद्धि का संवाहक है। इसके तटवासियों का सर्वस्व यदि किसी एक शक्ति में निहित है, तो वह है ब्रह्मपुत्र की शक्ति । इस विशाल अंचल में यह अपने लंबे परिवार की सहायक नदियों को साथ लेकर अज्ञात कल से बहता आ रहा है। इसकी कृपा से यहां जीवन है और कोप से संहार ।

1 ब्रह्मपुत्र के बिना किन प्रदेशों का व्यक्तित्व अधूरा रह जाता है?
क) पूर्वी प्रदेशों का
ख)उत्तरी प्रदेशों का
ग) उत्तर पूर्वी प्रदेशों का
घ )दक्षिणी प्रदेशों का

2 निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्पों का चयन कीजिए।
कथन A ब्रह्मपुत्र को 'नद 'कहा जाता है।
कारण R भारत की नदियों में ब्रह्मपुत्र एक पुरुषवाची नदी है।
क कथन A तथा कारण R दोनों गलत है।
ख कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।
ग कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है ।
घ कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

3 ब्रह्मपुत्र की शक्ति में किसका सर्वस्व निहित है?
क पूरे असम के लोगों का
ख इसके तटवासियों का
ग उत्तर पूर्व के सभी राज्यों का
घ देवता का

4 ब्रह्मपुत्र का आकार प्रकार तथा शील स्वभाव कैसा है?
5 उत्तर पूर्व अंचल में ब्रह्मपुत्र के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

(खंड ख व्यावहारिक व्याकरण)

3 कारक पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2

क करण कारक और अपादान कारक में क्या अंतर है?
ख मां ने राधा के लिए कपड़े खरीदे। (कारक पहचान कर उसका भेद लिखिए)
ग अधिकरण कारक का एक उदाहरण लिखिए।

4 निर्देशानुसार संधि पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2

क संधि किसे कहते हैं?
ख विद्यालय का संधि विच्छेद कीजिए।
ग महा+आत्मा संधि कीजिए।

5 लिंग पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2

क <u>नायक</u> शब्द का लिंग बदले
ख <u>लेखक</u> ने सुंदर कहानी लिखी ( लिंग बदलकर लिखिए)
ग <u>कवि</u> का लिंग बदलिए।

6 किन्ही दो शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए। 2

क अंबर
ख मित्र
ग अंतर

7 किन्ही दो के विलोम शब्द लिखिए । 2

क मित्र
ख परिचित
ग पतन

8 किन्हीं दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए । 2

क फूल
ख हवा
ग बादल

9 किन्ही दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

क आंख मिचौली खेलना।
ख फिसल जाना
ग पल्ला झाड़ना

10 विराम चिन्ह पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2

क भाषा में विराम चिन्ह का क्या महत्व है?
ख पूर्णविराम और अर्धविराम में क्या अंतर है?
ग आज मैंने दाल चावल रोटी सब्जी कुछ नहीं खाया

खंड ग ( पाठ्य पुस्तक)

11 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए। 5

सहपाठी की मित्रता कितनी सुंदर पंक्ति है युवा पुरुष की मित्रता स्कूल के बालक की मित्रता से अधिक दृढ़ शांत और गंभीर होती है युवावस्था के मित्र भी बाल्यावस्था के

मित्रों से कई बातों में भिन्न होते हैं सुंदर प्रतिभा मनभावनी चाल और खुला स्वभाव यही दो-चार बातें देखकर मित्रता की जाती है किंतु जीवन संग्राम में साथ देने वाले मित्रों में इसे कुछ अधिक बातें चाहिए मित्र केवल उसे नहीं रहते इसके गुना की तो हम प्रशंसा करें परंतु जिससे हम स्नेहा ना कर सके जिससे अपने छोटे-छोटे काम ही हम निकालते जाएं परंतु भीतर ही भीतर घना करते रहें मित्र सच्चे पथ प्रदर्शन के समान होना चाहिए जिस पर हम पूरा विश्वास कर सके मित्र भाई साहब प्रति पत्र हो दो मित्रों के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए ऐसी सहानुभूति के एक के हानि लाभ को दूसरा अपना हानि लाभ समझे ।

1 युवा पुरुष के मित्रता किसकी तुलना में अधिक दृढ़ और गंभीर होती है?

क माता-पिता की
ख शिक्षक की
ग बाल्यावस्था के मित्रों की
घ समाज के लोगों की

2 जीवन संग्राम में साथ देने वाले मित्रों में कौन सी विशेषता अत्यावश्यक है?

क सुंदरता और चतुराई
ख मनभावनी चाल
ग सच्ची सहानुभूति और विश्वास
घ मिलनसारिता और मौन स्वभाव

3 सच्चा मित्र कौन होता है?

क जो हर बात में हां में हां मिलाए
ख जो काम निकालने में मदद करें
ग जो सिर्फ प्रशंसा करें
घ जिस पर विश्वास किया जा सके और जो पथ प्रदर्शक हो ।

4 सच्ची मित्रता की सबसे महत्वपूर्ण पहचान क्या है ?

क आपसी मजाक
ख सांझा भोजन
ग एक ही विषय में रुचि होना
घ एक दूसरे के हानि लाभ को अपना समझना

5 निम्नलिखित कथन और करण को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए

कथन : मित्र को केवल प्रशंसा का पात्र नहीं होनाचाहिए |
कारण :क्योंकि सच्चा मित्र वह होता है जिससे स्नेहा किया जा सके और जिस पर विश्वास हो |

क कथन और कारण दोनों सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
ख कथन और कारण दोनों सही है परंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता।
ग कथन सही है परंतु कारण गलत है।
घ कथन गलत है परंतु कारण सही है।

12 निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। 4

1 लाला लाजपत राय अपनी मां से जुड़ी किन-किन वस्तुओं से प्यार करते हैं?
2 कैसा मित्र मिलने पर समझना चाहिए कि खजाना मिल गया?

3 सू क्या देखकर आश्चर्यचकित रह गई थी?

13 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए। 5

देखे से प्यार भरी आंखें
दुस्साहस पीले होते हैं ,
हर एक धृष्टता के कपोल
आंसू से गीले होते हैं
तो सख्त बात से नहीं स्नेह से
काम  जरा लेकर देखो
अपने अंतर का नेह  भला
देकर उसको तो तुम देखो ।

1 प्यार भरी आंखें देखने से क्या होता है?

क दुस्साहस बढ़ता है
ख दुस्साहस पीला पड़ता है
ग डर बढ़ता है
घ नफरत पैदा होती है

2 धृष्टता के कपोल किससे गीले होते हैं?

क बारिश से
ख आंसू से
ग पानी से
घ पसीने से

3 काम जरा लेकर देखो का अर्थ है।

क प्रयास करके देखो
ख काम चुरा लो
ग आराम करो
घ दूसरों से काम लो

4 इस पद्यांश में कवि किस भावना को बल  देता है?

क क्रोध
ख दया और नेह
ग भय
घ उत्साह

5 निम्नलिखित कथन और करण को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

कथन - दुस्साहस प्रेम की दृष्टि से कमजोर हो जाता है।
कारण - प्यार भरी आंखें अपराधी को आत्मज्ञानी में डाल देती हैं

क कथन और कारण दोनों सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
ख कथन और कारण दोनों सही है पर करण कथन की सही व्याख्या नहीं है।
ग कथन सही है कारण गलत है।
घ कथन गलत है कारण सही है।

14 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। 4

1 कवि  भारत का यश क्यों गाना चाहते हैं?
2 कवि किस प्रकार से काम लेने की बात कहता है?
3 गंगा नदी को पावन कल कल धारा क्यों कहा है?

15 निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए। 6

1 रामप्रसाद बिस्मिल ने अपनी मां को यह क्यों को लिखा कि भारत के इतिहास में तुम्हारा नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा?

2 धूप और छाया एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सिद्ध कीजिए।

3 यदि सू की जगह आप होते तो झांसी का मनोबल बढ़ाने के लिए क्या करते?

16 कविता पर आधारित कोई दो मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 से 50 शब्दों में दीजिए। 6

1 युवा पीढ़ी की नई सोच के आधार पर भारत का भविष्य कैसा होगा? अपने शब्दों में लिखिए।

2 भारत देश को स्वर्णिम क्यों कहा गया है?

3 जब कोई हमारे कार्य पर हंसता है या हमारा मजाक बनाता है ,तो कैसा लगता है? अपने विचार लिखिए।

( खंड घ रचनात्मक लेखन)

17 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए । 5

1 महानगरों में बढ़ता प्रदूषण

- गंभीर समस्या
- प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण के रूप
- प्रदूषण से बचने के उपाय

2 जल ही जीवन है

- पानी का अंधाधुंध दोहन
- पीने का पानी का अभाव
- नदियों में रसायन पदार्थ
- जल संरक्षण आवश्यक
- बारिश के पानी का उपयोग

3 मेरे जीवन का लक्ष्य

- प्रत्येक व्यक्ति का जीवन का लक्ष्य होना
- उद्देश्य ही जीवन
- परिश्रम द्वारा व्यवसाय को उत्कृष्ट बनाना
- दूसरों के लिए जीना

18 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

1 दीपावली के शुभ अवसर पर अपने मित्र राघव को पत्र लिखकर शुभकामनाएं दीजिए।


2 अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिसमें सहपाठी के प्रशंसनीय और साहसपूर्ण व्यवहार के लिए उसे सम्मानित करने का अनुरोध हो।

19 निम्न में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

1 दो नागरिकों के मध्य समाज में बढ़ते हुए अपराधों को लेकर संवाद लिखिए

2 अध्यापक और छात्र के बीच गृहकार्य न करके लाने पर संवाद लिखिए।

20 निम्नलिखित चित्र को देखकर 25 से 30 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए। 5



============= सफलता के लिए शुभकामनाएँ =============